सरगम 3

पाठ 1. नई किरण

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में अंतर-वैयक्तिक संबंध का कौशल विकसित करना है ताकि वे विभिन्न व्यक्तियों/प्राणियों से सकारात्मक तरीके से जुड़ने की समझ पैदा कर सकें। यह कविता उन बच्चों के बारे में है जो अपनी मातृभूमि की सेवा करने और मरते दम तक उसकी रक्षा करने का प्रण लेते हैं। उनके मन में देश के प्रति उठने वाले भावों को इस कविता में सुंदर ढंग से वर्णित किया गया है। यह कविता बच्चों के लिए प्रेरणादायी है।

पाठ का सार

बच्चे अपनी तुलना सूरज की उन प्रथम किरणों से कर रहे हैं जिनके बिखरने से संसार से अँधेरा दूर होता है और चारों ओर रोशनी फैल जाती है। बच्चे अपनी तुलना अडिग हिमालय पहाड़ से करते हैं और अपने-आपको धरती पर शांति का संदेश फैलाने वाले दूत मानते हैं। बच्चे संकल्प लेते हैं कि वे अपनी मातृभूमि की रक्षा उसी प्रकार करेंगे जिस प्रकार वीर शिवाजी और महाराणा प्रताप ने की थी। विपरीत परिस्थितियाँ भी इन महापुरुषों को झुका नहीं पाई थीं।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  कविता को पूरे हावभाव और जोश से सुनाएँ और बच्चों से भी अनुसरण करने को कहें। गंगा नदी की पवित्रता के बारे में जानकारी दें। वीर शिवाजी ने किस प्रकार औरंगज़ेब से टक्कर ली थी, यह बतलाएँ। महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी घटना की जानकारी दें। अंत में कविता का मूल भाव समझाएँ।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों** व **पहेलियों** के उत्तर देने का अवसर अधिक से अधिक बच्चों को मिले, यह अवश्य सुनिश्चित करें। अशुद्ध उत्तरों की दशा में अन्य बच्चों से शुद्ध उत्तर देने की अपेक्षा करें।
  - **पठित परिच्छेद** के अंतर्गत पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सटीक हों, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
  - **पाठ आधारित प्रश्नों** के उत्तर मूल पाठ में से बच्चों को ढूँढ़ने को कहें और यह सुनिश्चित करें कि वे उन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें।
  - विलोम शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित दें। उसके बाद बच्चों से पाठ में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहें।
  - दिए गए शब्दों से वाक्य बनाने को कहें। ध्यान दें कि बच्चे छोटे-छोटे वाक्य बनाएँ। वाक्य में हुई शाब्दिक व व्याकरणिक त्रुटियों की ओर इंगित करते हुए सुधार कार्य करवाएँ।

- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - हिमालय पर्वत के बारे में मौखिक जानकारी दें। हिमालय पर्वत की भौगोलिक स्थिति बताएँ। हिमालय की सबसे ऊँची चोटी पर पहुँचने वाले पर्वतारोहियों के बारे में बतलाएँ।
  - बच्चों को जानकारी दें कि कुछ पेड़ घने होते हैं और उनका ऊपरी भाग फैला होता है जिससे उन पेड़ों के नीचे सूरज की रोशनी ठीक से नहीं पहुँच पाती है। ऐसे पेड़ों को छायादार पेड़ कहते हैं।